104 (New Syllabus) **II**

Total No. of Questions – 16

Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No. | | | | | | | | | | |

Part – II
HINDI, Paper – I
(Second Language)

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

खण्ड – 'क' (60 अंक)

I. किसी एक दोहे का कवि परिचय देते हुए भावार्थ लिखिए : 1 × 6 = 6

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब ।
पल में परलै होएगी, बहुरि करेगे कब ।।

अथवा

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय ।
टूटे पे फिर ना जुरे, जुरे गाँठ परी जाय ।।

II. किसी एक कविता का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8

1. फूल की चाह
2. अकाल और उसके बाद

III. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8

1. शिवाजी का सच्चा स्वरूप
2. सी.वी. रामन

IV. किसी एक कहानी का सारांश लिखिए : 1 × 8 = 8

1. परदा
2. बदला

V. किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

1. मैं नहीं चाहता चिर-सुख
   मैं नहीं चाहता चिर-दुख ।
   सुख-दुख की खेल मिचौनी
   खेल जीवन अपना मुख ।।
2. दाने आये घर के अंदर कई दिनों के बाद ।
   धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद ।।
   चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद ।
   कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद ।।
3. साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
   बाएँ से वे मलते हुए पेट चलते हैं,
   और दाहिना दया-दृष्टि पाने की ओर बढाए ।
4. मुझे तोड़ लेना वनमाली !
   उस पथ पर देना तुम फेंक ।
   मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने,
   जिस पथ जावें वीर अनेक ।।

VI. किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

1. भारतीय संस्कृति का सौंदर्यबोध नारी रूप से अविच्छन संबंध से जुड़ा हुआ है ।
2. कोलम्बस और वास्को-द-गामा दो घुमक्कड़ ही थे जिन्होंने पश्चिमी देशों के आगे बढ़ने का रास्ता खोला ।
3. आजकल पर्यावरण प्रदूषण के कारण यह संतुलन बिगड़ रहा है ।
4. जलयान से स्वदेश लौटते समय भूमध्य सागर के जल में उसका अनोखा नीला व दूधियापन देखा ।

VII. एक शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

1. कबीर के गुरु कौन थे ?
2. रहीम का पूरा नाम क्या है ?
3. 'फूल की चाह' कविता के कवि कौन हैं ?
4. पंतजी को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
5. 'भिक्षुक' कविता के कवि कौन हैं ?

VIII. एक शब्द में उत्तर दीजिए : $5 \times 1 = 5$

1. भारतीय संस्कृति में किसको पूजनीय स्थान दिया गया ?
2. आबाजी सोन देव कौन थे ?
3. राहुलजी के अनुसार कौन सा धर्म श्रेष्ठ है ?
4. प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं ?
5. सी.वी. रामन का पूरा नाम क्या है ?

खण्ड – 'ख' (40 अंक)

IX. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

पुस्तक विक्रेता के नाम पर पत्र लिखिए।

अथवा

छुट्टी के लिए प्राचार्य के नाम पर पत्र लिखिए।

X. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

1. जय
2. उत्तम
3. सुख
4. मान
5. वीर
6. सज्जन
7. प्रत्यक्ष
8. सवाल
9. संयोग
10. कुपुत्र

XI. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

1. आदमी
2. फूल
3. रात्रि
4. स्वर्ण
5. शरीर
6. हवा
7. राजा
8. वन
9. क्रोध
10. सरस्वती

XII. किन्हीं पाँच (5) शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए : 5 × 1 = 5

1. गोपीयाँ
2. आक्रमन
3. मिठायी
4. परिक्षा
5. ईनाम
6. आर्कषण
7. बारत
8. धरम
9. जन्ता
10. कृष्ण

XIII. किन्हीं पाँच (5) पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

1. Award
2. Junior
3. Nation
4. Maths
5. Assembly
6. Training
7. Class
8. Cashier
9. Earth
10. Governor

XIV. कारक चिह्नों की सहायता से **पाँच (5)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5 × 1 = 5

1. अध्यापक ______ पाठ पढ़ाया ।
2. यह मणि ______ बेटी है ।
3. मेज ______ किताब है ।
4. सुरेश, रमेश ______ फल लाया ।
5. हिन्दी भारत ______ राजभाषा है ।
6. घर ______ चार कमरे हैं ।
7. अर्जुन ______ कर्ण को मारा ।
8. धर्मराज, भीम ______ बड़े भाई हैं ।
9. वृक्ष ______ फल गिरा ।
10. लता कलम ______ लिखती है ।

XV. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए : 5 × 1 = 5

1. कवि कविता लिखता है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)
2. लड़की गीत गा रही है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।)
3. राम अनपढ़ है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)
4. भीम बलशाली है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)
5. श्रीदेवी पढ़ रही है । (भूतकाल में लिखिए ।)

XVI. सूचना के अनुसार भाषा विभाग को पहचानिए : 5 × 1 = 5

1. मोनिका पढ़ती है । (इस वाक्य में संज्ञा क्या है ?)
2. आप कौन हैं ? (इस वाक्य में सर्वनाम को सूचित कीजिए ।)
3. वह भला आदमी है । (इस वाक्य में विशेषण क्या है ?)
4. राम उठता है । (इसमें क्रिया क्या है ?)
5. मेनका खूब नाचती है । (इसमें क्रिया-विशेषण क्या है ?)